अध्याय 6

# दक्षिण भारत एवं संगम युग

**1. राजराज I ने श्रीलंका के विजित प्रदेशों को मुम्डिचोलमण्डलम के नाम से चोल साम्राज्य का एक प्रांत बनाया तथा मुम्डिचोल देव की उपाधि धारण की। इस नये प्रांत की राजधानी किसे बनाया गया?**

(a) अनुराधापुर (b) पोलन्नरुआ
(c) कन्याकुमारी (d) कोई नहीं

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**2. किस चोल शासक ने श्रीलंकाई शासक महिन्द्र पंचम के समय में श्रीलंका पर आक्रमण कर उसकी राजधानी अनुराधापुर को नष्ट किया एवं उत्तरी श्रीलंका पर अधिकार कर लिया?**

(a) राजराज I (b) राजेन्द्र I
(c) परांतक I (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**3. प्रसिद्ध चोल शासक राजराज I का मूल नाम था-**

(a) अरिमोलिवर्मन (b) विजयवर्मन
(c) रघुवर्मन (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**4. किस चोल शासक ने अपनी यशस्वी विजयों का समापन मालदीव द्वीप समूह की विजय से किया?**

(a) राजराज I (b) राजेन्द्र I
(c) कुलोत्तुंग I (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**5. निम्नलिखित में से किस चोल शासक को चोल गंगम नामक वृहद् कृत्रिम झील बनवाने का श्रेय दिया जाता है?**

(a) राजराज प्रथम (b) राजेन्द्र प्रथम
(c) राजाधिराज (d) राजराज द्वितीय

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**6. किसने कलिंग, ओड्डु तथा बंगाल के पाल पर आक्रमण किया जो कि तमिल प्रदेश से किया गया प्रथम उत्तरी सैनिक अभियान था और साथ ही जिसने इस ऐतिहासिक भ्रम को तोड़ा कि उत्तर से ही दक्षिण को विजित किया जा सकता है, दक्षिण से उत्तर को नहीं?**

(a) राजेन्द्र I (b) राजराज I
(c) परांतक I (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**7. 'गंगैकोंडचोलपुरम' की स्थापना किसने की थी?**

(a) राजराज प्रथम (b) राजाधिराज
(c) राजेन्द्र प्रथम (d) विजयादित्य

उत्तर - (c)

**8. वह चोल राजा कौन था, जिसने श्रीलंका को पूर्ण स्वतंत्रता दी और सिंहल राजकुमार के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर दिया था?**

(a) कुलोत्तुंग प्रथम (b) राजेन्द्र प्रथम
(c) अधिराजेन्द्र (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**9. निम्नलिखित में से किस मंदिर परिसर में एक भारी-भरकम नंदी की मूर्ति है, जिसे भारत की विशालतम नंदी मूर्ति माना जाता है?**

(a) बृहदीश्वर मंदिर (b) लिंगराज मंदिर
(c) कंदरिया महादेव मंदिर (d) लेपाक्षी मंदिर

उत्तर - (a)

**10. चोलों की राजधानी थी-**

(a) कावेरीपत्तन (b) महाबलीपुरम
(c) कांची (d) तंजौर

उत्तर - (d)

**11. चोल राजाओं में किस एक ने सीलोन पर विजय प्राप्त की थी?**

(a) आदित्य प्रथम (b) राजराज प्रथम
(c) राजेन्द्र प्रथम (d) विजयालय

उत्तर - (c)

**12. चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का**

आयोजन किया था?

(a) लोकमहादेवी (b) कुंदवा

(c) अम्मनदेवी (d) कोई नहीं

उतर - (a)

**13. चोल प्रशासन में 'पाड़िकवल' से तात्पर्य है-**

(a) ग्राम देवी

(b) धार्मिक समारोह

(c) ग्राम सुरक्षा के लिए दिया जाने वाला कर

(d) तालाबों के रखरखाव के लिए दिया जाने वाला कर

उतर - (c)

**14. चोल राज्य में 'नाट्ट विनियोगम्' शब्द का क्या अभिप्राय था ?**

(a) एक नाडु का कार्यालय

(b) एक नाडु की मुद्रा

(c) नाडु के खर्च के लिए एक कर

(d) अनेक नाडुओं का एक मण्डल

उतर - (c)

**15. चोलों के अंतर्गत 'तट्टोलि' कर अदा करते थे-**

(a) कृपक (b) नगाड़ा बजाने वाले

(c) सुनार (d) भेड़ चराने वाले

उतर - (c)

**16. चोल काल के उत्तरमेरूर सभा के निर्वाचन के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(a) ग्राम 30 उपखंडों (वार्ड) में बंटा हुआ था

(b) प्रत्येक उपखंड से दो प्रतिनिधि चुने जाते थे

(c) उम्मीदवारों की उम्र 35 से 70 वर्ष के बीच होती थी।

(d) उनके पास कुछ शैक्षिक योग्यता और अचल संपत्ति का होना अनिवार्य था।

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**17. निम्न में से दक्षिण भारत का कौनसा राजवंश अपनी नौसैनिक शक्ति के लिए प्रसिद्ध था ?**

(a) चोल (b) चेर

(c) पल्लव (d) राष्ट्रकूट

उतर - (a)

**18. चोल काल में निर्मित नटराज की कांस्य प्रतिमाओं में देवाकृति प्रायः-**

(a) अष्टभुज है (b) पट्भुज है

(c) चतुर्भुज है (d) द्विभुज है

उतर - (c)

**19. निम्नांकित राजवंशों में से किसके शासक अपने शासनकाल में ही अपना उत्तराधिकारी घोषित कर देते थे?**

(a) चालुक्य (b) चोल

(c) कदंब (d) कलचुरि

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**20. चोल शासकों के शासनकाल में निम्नलिखित में से कौनसा वारियम् उद्यान प्रशासन का कार्य देखता था ?**

(a) पान वारियम् (b) एरि वारियम्

(c) टोट्ट वारियम् (d) सम्वत्सर वारियम्

उतर - (c)

**21. निम्नलिखित में से किसको दक्षिण भारत के विशेषकर चोल युग के स्थापत्यों की विश्व में श्रेष्ठतम प्रतिमा - रचना माना जाता है?**

(a) महिषासुरमर्दिनी (b) नटराज

(c) राम (d) सोमस्कंद

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**22. प्रशासन के क्षेत्र में चोल राजवंश का मुख्य योगदान है-**

(a) सुनियोजित राजस्व प्रशासन में

(b) सुनियोजित राजस्व प्रणाली में

(c) सुसंगठित केन्द्रीय सरकार में

(d) सुसंगठित स्थानीय स्वशासन में

उतर - (d)

**23. चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे-**

(a) कुलंजु (b) काशु

(c) रूपक (d) कोई नहीं

उतर - (a)

**24. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

सूची-I सूची -II

(a) उरार - (i) उर ग्राम (सामान्य ग्राम) की सभा

(b) सभा / महासभा / पेरुंगुरिं - (ii) चतुर्वेदिमंगलम् ग्राम (ब्राह्मणों को दान में दिया गया गांव) की सभा

(c) नगरम - (iii) नगर के व्यापारियों की सभा

(d) पुग - (iv) शिल्पियों की सभा

**सही उत्तर क्रमांक है- ABCD**

(a) i ii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**25. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

सूची-I (पल्लवकालीन प्रशासकीय विभाजन)

सूची -II (प्रधान)

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| (a) राष्ट्र (प्रांत) | (i) विषयिक |
| (B) विषय (जिला ) | (ii) राष्ट्रिक |
| (C) कोट्टम (तालुका) | (iii) ग्रामभोजक |
| (D) ग्राम | (iv) देशाधिकृत |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) ii i iv iii (b) i ii iii iv

(c) ii i iii iv (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**26. नवी शताब्दी ई. में निम्नलिखित में से किसके द्वारा चोल साम्राज्य की नींव डाली गई ?**

(a) कृष्ण प्रथम (b) राजराज चोल

(c) विजयालय (d) परांतक

उत्तर - (c)

**27. किस चोल शासक ने हेमगर्भ व तुलाभार नामक यज्ञों का सम्पादन किया था?**

(a) राजेन्द्र प्रथम

(b) राजराज प्रथम

(c) राजाधिराज द्वितीय

(d) परान्तक प्रथम

उत्तर - (d)

**28. अभिलेखों को ऐतिहासिक प्राक्कथन के साथ प्रारंभ करने की परम्परा का सूत्रपात किसने किया?**

(a) परांतक I (b) राजराज I

(c) राजेन्द्र I (d) कोई नहीं

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**29. तंजौर का वृहदीश्वर मंदिर किस चोल शासक के शासनकाल में निर्मित्त हुआ था-**

(a) परांतक प्रथम के (b) राजराज प्रथम के

(c) राजेन्द्र प्रथम के (d) राजाधिराज प्रथम के

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**30. किस चोल राजा ने जल सेना प्रारंभ की थी-**

(a) राजेन्द्र चोल (b) परांतक चोल

(c) राजराज प्रथम (d) राजराज द्वितीय

उत्तर - (c)

**31. किस चोल शासक ने 1000 ई. में भू-राजस्व के निर्धारण के लिए भूमि का सर्वेक्षण करवाया?**

(a) राजराज I (b) राजेन्द्र I

(c) परांतक I (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**32. निम्नलिखित चोल शासकों में जिसने बंगाल की खाड़ी को 'चोल झील' का स्वरूप प्रदान कर दिया, वह कौन था-**

(a) राजराज प्रथम (b) राजेन्द्र प्रथम

(c) अधिराज (d) कुलोतुंग

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**33. किस चोल शासक ने श्रीलंका के शेष बचे दक्षिणी भाग पर अधिकार कर श्रीलंका विजय को पूर्ण किया?**

(a) राजराज I (b) राजेन्द्र I

(c) परांतक I (d) कोई नहीं

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**34. किसने इण्डोनेशिया के एक द्वीप सुमात्रा के विजय साम्राज्य के शासक संग्राम विजयोतुंग को पराजित किया तथा निकोबार द्वीप समूह व मलेशिया प्रायद्वीप के मध्य कडारम (आधुनिक केद्दाह ) सहित**

**12 द्वीपों पर अधिकार कर लिया?**

(a) राजराज I (b) राजेन्द्र I

(c) परांतक I (d) कोई नहीं

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**35. किसने 1077 ई. में 92 व्यापारियों का एक शिष्टमंडल चीन भेजा ?**

(a) राजेन्द्र II (b) परांतक I

(c) परांतक II (d) कुलोत्तुंग चोल I

उत्तर - (d)

**36. किस चोल शासक को 'शुङ्गम् तविर्त्तचोल' (करों को हटाने वाला) की उपाधि मिली-**

(a) राजराज प्रथम (b) राजेन्द्र प्रथम

(c) परान्तक प्रथम (d) कुलोतुंग प्रथम

उत्तर - (d)

**37. निम्नलिखित में कौन चोल प्रशासन की विशेषता थी?**

(a) साम्राज्य का मंडल में विभाजन

(b) ग्राम प्रशासन की स्वायत्तता

(c) राज्य के मंत्रियों को समस्त अधिकार

(d) कर संग्रह प्रणाली का सस्ता व उचित होना

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**38. चोलों के अधीन ग्राम प्रशासन के बहुत से ब्यौरे जिन शिलालेखों में है, वे कहां है?**

(a) तंजावुर (b) उरैयूर

(c) कांचीपुरम (d) उत्तर मेरूर

उत्तर - (d)

**39. चोलों का राज्य किस क्षेत्र में फैला था ?**

(a) विजयनगर क्षेत्र

(b) मालाबार तट

(c) होयसल

(d) कोरोमंडल तट, दक्कन के कुछ भाग

उत्तर - (d)

**40. प्रसिद्ध कलाविद् फर्ग्युसन ने किसके बारे में कहा है, 'उस काल के कलाकारों ने दैत्यों की तरह कल्पना की और जौहरियों की तरह उसे पूरा किया ?**

(a) चोल स्थापत्य कला

(b) राष्ट्रकूट स्थापत्य कला

(c) विजयनगर स्थापत्य कला

(d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**41. निम्नलिखित में से चोल वंश का राजस्व अधिकारी कौन था?**

(a) चोलनायक (b) शेरून्दरम

(c) वरित्प्पोत्तगक्क (d) पेरूमक्कल

उत्तर - (c)

**42. चोल प्रशासन में 'उडैकुट्टम' अधिकारी का क्या कार्य था ?**

(a) वह राजा के आदेशों को लिपिबद्ध करता था

(b) वह ग्रामसभा का सचिव होता था

(c) वह ग्रामसभा का न्यायिक अधिकारी था

(d) वह राज्य का प्रमुख नौसैनिक अधिकारी था

उत्तर - (a)

**43. चोल शासकों के समय में बनी हुई प्रतिमाओं में सबसे अधिक विख्यात हुई-**

(a) पत्थर की प्रतिमाएं

(b) संगमरमर की प्रतिमाएं

(c) विष्णु भगवान की पत्थर की शिलाओं पर अंकित प्रतिमाएं

(d) नटराज शिव की कांसे की प्रतिमाएं

उत्तर - (d)

**44. दक्षिण भारत का प्रसिद्ध 'तक्कोलम का युद्ध' हुआ था-**

(a) चोल एवं उत्तर चालुक्यों के मध्य

(b) चोल एवं राष्ट्रकूटों के मध्य

(c) चोल एवं होयसल के मध्य (d) चोल एवं पाण्ड्यों के मध्य

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**45. चोल साम्राज्य को अंततः किसने समाप्त किया?**

(a) महमूद गजनवी ने (b) बख्तियार खिलजी ने

(c) मुहम्मद गौरी ने (d) मलिक काफूर ने

उत्तर - (d)

**46. निम्न स्थलों पर विचार कीजिए-**

1. चोलों ने पाण्ड्य तथा चेर शासकों को पराजित कर प्रायद्वीपीय भारत पर प्रारंभिक मध्यकालीन समय में अपना प्रभुत्व स्थापित किया ।

2. चोलों ने दक्षिण-पूर्वी एशिया के शैलेंद साम्राज्य के विरूद्ध सैन्य चढ़ाई की तथा कुछ क्षेत्रों को जीता।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा /से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) दोनों 1 और 2 (d) दोनों में से कोई नहीं

उत्तर - (c)

**47. चोल युग प्रसिद्ध था, निम्न के लिए-**

(a) धार्मिक विकास (b) ग्रामीण सभाएं

(c) राष्ट्रकूटों से युद्ध (d) लंका से व्यापार

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**48. चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कहलाती थी-**

(a) प्रभुमान्यम् (b) देवदान

(c) ब्रह्मदेय (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**49. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

सूची-I सूची -II

(a) पेरुन्दरम् - (i) उच्च श्रेणी के अधिकारी वर्ग

(B) सिरुतरम - (ii) निम्न श्रेणी के अधिकारी वर्ग

(c) ओलेनायकम् - (iii) मुख्य सचिव

(D) विदैयाधिकारी - (iv) प्रेपण लिपिक

**सही उत्तर क्रमांक है- ABCD**

(a) i ii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**50. निम्नलिखित में से कौन तमिल रामायणम या रामवतारम का लेखक था?**

(a) कंचन (b) कुट्टन

(c) नन्नय (d) टिक्कण

उत्तर - (a)

**51. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (चोलकालीन प्रशासकीय विभाजन) | सूची –II (समतुल्य) |
|---|---|
| (a) मण्डलम | (i) प्रांत |
| (b) वलनाडु / कोट्टम | (ii) कमिश्नरी |
| (c) नाडु | (iii) जिला |
| (d) कुर्रम | (iv) ग्राम समूह |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**52. बादामी में दुर्ग का निर्माण करवाने तथा बादामी को राजधानी बनाने का श्रेय किस चालुक्य शासक को है?**

(a) पुलकेशिन I (b) पुलकेशिन II

(c) विक्रमादित्य I (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**53. चालुक्यों की राजधानी कहां थी?**

(a) वातापी (b) श्रावस्ती

(c) कांची (d) कन्नौज

उत्तर - (a)

**54. चालुक्यों और पल्लवों के बीच लम्बे समय तक चलने वाले संघर्ष का आरंभ किसने किया?**

(a) पुलकेशिन II (b) महेन्द्रवर्मन I

(c) नरसिंहवर्मन I (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**55. किस चालुक्य शासक ने थानेश्वर व कन्नौज के महान् शासक हर्षवर्धन को नर्मदा के तट पर परास्त किया और उसे दक्षिण बढ़ने से रोका?**

(a) पुलकेशिन I (b) पुलकेशिन II

(c) विक्रमादित्य I (d) विक्रमादित्य II

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**56. संस्कृत के कवि और नाटककार कालिदास का उल्लेख हुआ है**

(a) पुलेकिशन द्वितीय के ऐहोल अभिलेख में

(b) मिहिरभोज के ग्वालियर अभिलेख में

(c) कुमारगुप्त प्रथम के करमदंडा शिवलिंग अभिलेख में

(d) चन्द्रगुप्त द्वितीय के मथुरा स्तंभ लेख में

उत्तर - (a)

**57. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I ( राज्य ) | सूची -II (संस्थापक) |
|---|---|
| (a) वातापी के चालुक्य / मूल चालुक्य | (i) पुलकेशिन I |
| (B) वेंगी के चालुक्य / पूर्वी चालुक्य | (ii) कुब्ज विष्णुवर्धन |
| (c) कल्याणी के चालुक्य/पश्चिमी चालुक्य | (iii) तैलप II |
| (D) काँची के पल्लव | (iv) सिंहविष्णु |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) ii i iv iii

(c) i ii iv iii (d) iv iii ii i

उत्तर - (a)

**58. कपाटपुरम या अलवे में संपन्न द्वितीय संगम का एकमात्र शेष ग्रंथ कौनसा है?**

(a) तोल्लकाप्पियम् (b) इतुतगोई

(c) पतुपाड (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**59. निम्नलिखित राजवंशों में किसका उल्लेख संगम साहित्य में नहीं हुआ है?**

(a) कदंब (b) चेर

(c) चोल (d) पाण्ड्य

उत्तर - (a)

**60. निम्नलिखित में से कौनसे संगम पत्तन पश्चिमी तट पर स्थित थे?**

1. कोरकै 2. पुहार

3. तोंडी 4. मुशिरि

**कूट :-**

(a) केवल 1 एवं 2 (b) केवल 2 एवं 3

(c) केवल 3 एवं 4 (d) केवल 4 एवं 1

उत्तर - (c)

**61. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| **सूची-I (क्षेत्र)** | **सूची - II (अर्थ)** |
|---|---|
| (a) कुरिंजी | (i) पहाड़ी |
| (B) पालई | (ii) मरुभूमि / निर्जन स्थल |
| (c) मुल्लाई | (iii) जंगल |
| (D) मरुदम | (iv) कृषि भूमि |
| (E) नेउल | (v) तटीय प्रदेश |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D E**

(a) i ii iii iv v (b) v iv iii ii i

(c) ii i iii iv v (d) i ii v iv iii

उत्तर - (a)

**62. ईसा की प्रारंभिक शताब्दियों में भारत तथा रोम के बीच घनिष्ठ व्यापारिक संबंधों की सूचना किस पुरास्थल की खुदाई से प्राप्त होती है?**

(a) मदुरै (b) ताम्रलिप्ति

(c) तोंडी (d) अरिकामेडू

उत्तर - (d)

**63. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I ( राज्य ) | सूची - II ( प्रख्यात शासक ) |
|---|---|
| (a) चेर | (i) शेनगुट्टवन |
| (B) चोल | (ii) कारिकाल |
| (c) पाण्ड्य | (iii) नेंडुजेलियन |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C**

(a) i ii iii (b) iii ii i

(c) ii i iii (d) i iii ii

उत्तर - (a)

**64. संगमकालीन साहित्य में 'कोन', 'को' एवं 'मन्नन' किसके लिए प्रयुक्त होते थे?**

(a) प्रधानमंत्री (b) राजस्व मंत्री

(c) सेनाधिकारी (d) राजा

उत्तर - (d)

**65. प्राचीन भारत का निम्नलिखित में से कौनसा महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र उस व्यापार मार्ग पर था, जो कल्याण को वेंगी से जोड़ता था?**

(a) तगर (b) श्रीपुर

(c) त्रिपुरी (d) ताम्रलिसि

उत्तर - (a)

**66. निम्नलिखित तमिल ग्रन्थों में किसे 'लघुवेद' की संज्ञा दी गई है ?**

(a) नन्दिकलम्बकम् (b) कलिंगत्तुपर्णि

(c) पेरियापुरायम् (d) कुरल

उत्तर - (d)

**67. शिल्पादिकारम् का लेखक था-**

(a) इलंगो (b) परणर

(c) कारिकाल (d) विष्णुस्वामिन

उत्तर - (a)

**68. 'नानादेशिनिगम' क्या था ?**

(a) दूर-दूर के प्रदेशों व विदेशों के साथ व्यापार करने वाले व्यापारियों का निगमं

(b) नगर के व्यापारियों का निगम

(c) तेल का व्यापार करने वालों का निगम

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (a)

**69. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची - II |
|---|---|
| ( राज्य / राजवंश ) | ( राज्य क्षेत्र ) |
| (a) काकतीय | (i) वारंगल, आंध्रप्रदेश |
| (B) यादव | (ii) देवगिरि, महाराष्ट्र |
| (c) होयसल | (iii) द्वारसमुद्र, कर्नाटक |
| (D) शिलाहार | (iv) कोंकण, महाराष्ट्र |

**सही उत्तर क्रमांक है- ABCD**

(a) i ii iii iv (b) ii i iv iii

(c) iv iii ii i (d) iv iii ii i

(a)

**70. वेनिस यात्री मार्कोपोलो (1288-1293) के पाण्ड्य राज्य के भ्रमण के समय वहाँ का शासक था-**

(a) माड़वर्मन कुलशेखर (b) जटावर्मन सुंदर पांड्य

(c) जटावर्मन कुलशेखर (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (a)

**71. कदंब राजाओं की राजधानी थी-**

(a) तंजौर (b) वनवासी

(c) कांची (d) बादामी

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**72. आलवारों (वैष्णव संतों) एवं नायनारों / आडियारों (शैव संतों) द्वारा दक्षिण में भक्ति आंदोलन किस राजवंश के समय में आरम्भ हुआ?**

(a) पल्लव (b) चालुक्य

(c) चोल (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**73. चालुक्य - पल्लव संघर्ष के दौरान किसने पुलकेशिन II की हत्या कर वातापी पर कब्जा कर लिया तथा 'वातापीकोण्डा' (वातापी का विजेता) की उपाधि धारण की ?**

(a) महेन्द्रवर्मन I

(b) नरसिंहवर्मन I ‹माम्मल›

(c) महेन्द्रवर्मन II

(d) नरसिंहवर्मन II ‹राजसिंह›

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**74. चालुक्य वंश का सबसे महान शासक कौन था ?**

(a) विक्रमादित्य (b) मंगलेश

(c) पुलकेशिन द्वितीय (d) पुलकेशिन प्रथम

उत्तर - (c)

**75. ऐहोल प्रशस्ति का रचयिता रविकीर्ति किस चालुक्य शासक का दरबारी कवि था?**

(a) पुलकेशिन I (b) पुलकेशिन II

(c) विक्रमादित्य I (d) विक्रमादित्य II

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**76. निम्नलिखित में से किस वंश द्वारा प्रायः महिलाओं को प्रशासन में उच्च पद प्रदान किए जाते थे?**

(a) चोल (b) चालुक्य

(c) पाल (d) सेन

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**77. किस चालुक्य शासक ने चेर, चोल व पांड्य को हराया, जिस कारण उसे 'तीनों समुदों (बंगाल की**

खाड़ी, हिन्द महासागर व अरब सागर) का स्वामी' भी कहा गया?

(a) पुलकेशिन 1 (b) पुलकेशिन II

(c) विक्रमादित्य I (d) कोई नहीं

उत्तर - (c)

78. सूची - I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए। कूट से सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| A. तिरुक्कुरल | 1. प्रेम कथा |
| B. तोल्लकाप्पियम् | 2. दर्शन |
| C. शिल्पादिकारम | 3. वाणिक कथा |
| D. मणिमेखलाई | 4. व्याकरण |

**कूट- A B C D**

(a) 1 2 4 3 (b) 2 3 4 1

(c) 4 2 3 1 (d) 2 4 1 3

उत्तर - (d)

79. 'लाल चेर' के नाम से प्रसिद्ध वह चेर शासक कौन था, जिसने कण्णनी (पत्तिनी) के मंदिर का निर्माण कराया था ?

(a) एलारा (b) कारिकाल

(c) शेनगुटवन (d) नेदुन जेरल आदन

उत्तर - (c)

80. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (संगम) | सूची -II (अध्यक्ष) |
|---|---|
| (a) प्रथम संगम | (i) अगस्त्य |
| (B) द्वितीय संगम | (ii) अगस्त्य एवं तोल्लकाप्पियम |
| (c) तृतीय संगम | (iii) नक्कीरर |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C**

(a) i ii iii (b) iii ii i

(c) i iii ii (d) ii iii i

उत्तर - (a)

81. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I ( राज्य ) | सूची - II ( राजकीय चिह्न) |
|---|---|
| (a) चेर | (i) धनुष |
| (B) चोल | (ii) बाघ |
| (c) पाण्ड्य | (iii) मछली |

**सही उत्तर क्रमांक है-ABC**

(a) i ii iii (b) iii ii i

(c) iii i iii (d) ii i iii

उत्तर - (a)

82. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (पुस्तक) | सूची -II (लेखक) |
|---|---|
| (A) तोल्लकाप्पियम | (i) तोल्लकाप्पियर |
| (B) शिल्पादिकारम् | (ii) इलांगो आडिगल |
| (C) मणिमेखलई | (iii) सीतलै शतनार |
| (D) जीवक चिन्तामणि | (iv) तिरुत्तक्कदेवर |

**सही उत्तर क्रमांक है-ABCD**

(a) i ii iii iv (b) iv iii ii i

(c) ii i iii iv (d) i ii iv iii

उत्तर - (a)

83. पाण्ड्य राज्य की जीवन रेखा कौनसी नदी थी?'

(a) गोदावरी (b) कृष्णा

(c) तुंगभद्रा (d) वेंगी

उत्तर - (d)

84. किसने उल्लेख किया है कि 'नंदों ने अपना कोष गंगा की धारा में छिपा रखा था?

(a) मामूलनार (b) तोल्लकाप्पियर

(c) तिरुवल्लुवर (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

85. 'महासभा की कार्यकारिणी समिति को कहा जाता था-

(a) परियम (b) आलुंगणम

(c) नगरम (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

86. दक्षिण भारत के किस वंश के राजा ने रोम राज्य में एक दूत 26 ई.पू. में भेजा था ?

(a) चोल (b) चेर

(c) पाण्ड्य (d) चालुक्य

उत्तर - (c)

87. निम्नलिखित में से कौनसा बंदरगाह पोडुक्रे नाम से 'दी पेरिपल्स ऑफ दी इरिथियन सी' के लेखक को ज्ञात था ?

(a) अरिकामेडू (b) ताम्रलिप्ति

(c) कोरके (d) यारबेरिकम

उत्तर - (a)

**88. संगम युग में 'उरैयूर' किसलिए विख्यात था ?**

(a) मसालों के व्यापार का महत्वपूर्ण केन्द्र

(b) कपास के व्यापार का महत्वपूर्ण केन्द्र

(c) विदेशी व्यापार का महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र

(d) आंतरिक व्यापार का महत्वपूर्ण केन्द्र

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**89. तृतीय संगम हुआ था-**

(a) अरिकामेडू में (b) एर्नाकुलम में

(c) मदुरई में (d) तूतीकोरिन में

उत्तर - (c)

**90. संगम युग में कण्णगी पूजा का प्रचलन था। कण्णगी आराध्य देवी थी-**

(a) पराक्रम की (b) सतीत्व की

(c) विद्वता की (d) उपरोक्त सभी

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**91. प्राचीनतम तमिल देवता मुरुगन किस वैदिक देवता के सदृश्य हैं?**

(a) ब्रह्मा (b) विष्णु

(c) महेश (d) स्कंद / कार्तिकेय

उत्तर - (d)

**92. किस ऋषि के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दक्षिण भारत का आर्यकरण किया, उन्हें आर्य बनाया?**

(a) विश्वामित्र (b) अगस्त्य

(c) वशिष्ठ (d) सांभर

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**93. प्लिनी के ग्रंथ एवं अज्ञातनामा लेखक के ग्रंथ पेरिप्लस के अनुसार मोती के सीप पाण्ड्य देश के किस क्षेत्र से निकलते थे?**

(a) मदुरई (b) कपाटपुरम

(c) कोल्चै (d) कोई नहीं

उत्तर - (c)

**94. गाय या अन्य वस्तुओं के लिए लड़ते-लड़ते मरने वाले वीरों के सम्मान में खड़े किये जाने वाले वीर-प्रस्तर को कहा जाता था ?**

(a) वीरकल / नाडुकुल (b) को

(c) उल्गू (d) कडमई

उत्तर - (a)

**95. तमिल का गौरवग्रंथ 'जीवक चिन्तामणि' किससे संबंधित है?**

(a) जैन (b) बौद्ध

(c) हिन्दू (d) ईसाई

उत्तर - (a)

**96. धार्मिक कविताओं का संकलन 'कुरल' किस भाषा में है ?**

(a) प्रशासन से (b) विधि से

(c) व्याकरण और काव्य से (d) उपरोक्त सभी से

उत्तर - (c)

**97. तोलकाप्पियम् ग्रन्थ संबंधित है-**

(a) ग्रीक (b) तमिल

(c) तेलुगू (d) पालि

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**98. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I ( राजवंश ) | सूची - II ( वास्तविक संस्थापक) |
|---|---|
| (A) काकतीय | (i) प्रोलराज II |
| (B) यादव | (ii) भिल्लम पंचम |
| (C) होयसल | (iii) विट्टिगदेव विष्णुवर्धन |

**सही उत्तर क्रमांक है- ABC**

(a) i ii iii (b) iii ii i

(c) ii i iii (d) i iii ii

उत्तर - (a)